an>

Title :Need to open a Kendriya Vidyalaya in Narsinghgarh in Rajgarh Parliamentary Constituency, Madhya Pradesh.

श्री रोड़मल नागर (राजगढ़) ः मेरे संसदीय क्षेत्र राजगढ़, मध्य प्रदेश में क्षेत्रीय जन आकांक्षाओं के अनुरूप व छात्र-छात्राओं को उत्कृष्ट व गुणवत्तापूर्ण शैक्षणिक व्यवस्था उपलब्ध करने के उद्देश्य से केंद्रीय विद्यालय की स्वीकृति हेतु विधिवत प्रस्ताव उचित माध्यम से प्रेषित किया गया है, मेरे द्वारा भी मंत्रालय से लगातार पत्राचार किया गया है, किन्तु आश्वासनों के बाद भी स्वीकृति में विलम्ब से बच्चों को पर्याप्त एवं उचित शैक्षिक सुविधाएं सुलभ नहीं हो पा रही हैं। गुणवत्तापूर्ण शिक्षा व उत्कृष्ट शैक्षणिक वातावरण की कमी से विद्यार्थियों का पलायन बड़े शहरों की ओर हो रहा है, जिससे विद्यार्थियों के आर्थिक, सामाजिक व शैक्षणिक क्रियाकलापों पर विपरीत प्रभाव पड़ रहा है।

मेरा मानव संसाधन विकास मंत्री जी से निवेदन है कि नरसिंहगढ़ में केंद्रीय विद्यालय की शीघ्र स्वीकृति प्रदान कर आगामी सत्र से कक्षा संचालन प्रारंभ करने संबंधी करने संबंधी निर्देश प्रसारित कर अनुगृहित करें।